# UK Police Constable

## Previous Year Paper

### 18 Dec, 2022

## भाग – 1

## सामान्य हिन्दी

1. 'रेलगाड़ी' किन भिन्न-भिन्न भाषाओं के शब्दों के जोड़ से बना है ?

(a) हिन्दी + अरबी (b) अंग्रेजी + हिन्दी (c) फारसी + संस्कृत (d) हिन्दी + उर्दू

2. निम्नलिखित में 'अग्नि' का पर्यायवाची नहीं है :

(a) आग (b) अनल (c) अनिल (d) वैश्वानर

3. 'सदानन्द' में सन्धि है :

(a) व्यंजन संधि (b) स्वर संधि (c) गुण संधि (d) यण संधि

4. 'आपकी यात्रा मंगलमय हो ।' – किस प्रकार का वाक्य है ?

(a) संदेहवाचक (b) संकेतवाचक (c) विस्मयवाचक (d) इच्छावाचक

5. 'आकाश के तारे तोड़ लाना' मुहावरे का अर्थ है :

(a) बहुत बड़ा या असंभव कार्य करना । (b) भरसक प्रयत्न करना ।
(c) अपना काम निकाल लेना । (d) चुनौती स्वीकार करना ।

6. 'टिप्पण' की भाषा होना चाहिए :

(a) भावप्रधान (b) कल्पना प्रधान (c) वस्तु प्रधान (d) काव्यात्मक

7. 'शब्दावली' का अर्थ है :

(a) भाषा का केन्द्रीय अंश (b) अन्य भाषाएँ मिलकर
(c) शब्दों के विभिन्न स्रोत (d) शब्दों का समूह

8. कम्प्यूटर के सन्दर्भ में 'चाणक्य' नाम है :

(a) कम्प्यूटर के एक प्रकार का । (b) कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग का ।
(c) कम्प्यूटर के एक फॉण्ट का । (d) कम्प्यूटर के ऑपरेटिंग सिस्टम का ।

9. कबीर निम्नलिखित शाखा के प्रतिनिधि कवि हैं :

(a) प्रेमाश्रयी (b) ज्ञानाश्रयी (c) रामाश्रयी (d) कृष्णाश्रयी

10. 'श्रीकृष्ण गीतावली' के रचयिता हैं :

(a) सूरदास (b) रैदास (c) तुलसीदास (d) रसखान

11. 'कर्मभूमि' के लेखक का नाम है :

(a) सत्यजित राय (b) शेखर जोशी (c) कृश्न चन्दर (d) प्रेमचन्द

12. 'हिम किरीटिनी' के रचयिता का नाम है :

(a) माखनलाल चतुर्वेदी (b) रामधारी सिंह 'दिनकर' (c) दुष्यन्त कुमार (d) भवानीप्रसाद मिश्र

13. महादेवी वर्मा के रेखाचित्र 'भक्तिन' के प्रमुख पात्र 'भक्तिन' का वास्तविक नाम है :

(a) निर्मला (b) मालती (c) लछमिन (d) धनिया

14. भारतीय आर्यभाषा के विकासक्रम में 'पालि' व 'प्राकृत' के उपरान्त तीसरी भाषा है :

(a) संस्कृत (b) हिन्दी (c) अपभ्रंश (d) मराठी

15. 'कुमाऊँनी' बोली का प्रमुख क्षेत्र है :

(a) पौड़ी और गढ़वाल (b) नैनीताल और अल्मोड़ा (c) नेपाल तथा काठमाण्डू (d) मसूरी और शिमला

16. 'देवनागरी' लिपि का जन्म हुआ है :

(a) खरोष्ठी से (b) रोमन से (c) ब्राह्मी से (d) फारसी से

17. जब लिखने से कोई अंश छूट जाता है, तो उसे प्रदर्शित करने के लिए कौन सा चिह्न प्रयुक्त होता है ?

(a) प्रश्नवाचक (b) अल्पविराम (c) निर्देशक (d) हंस पद

18. भाषा की सबसे छोटी ध्वनि इकाई, जिसके खण्ड न किए जा सकें, कहलाती है :

(a) शब्द (b) पद (c) वर्ण (d) वाक्य

19. 'अन्तिम' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?

(a) इक (b) इम (c) इमा (d) ईन

20. निम्नलिखित में स्त्रीलिंग शब्द है :

(a) नीम (b) अरावली (c) जामुन (d) चम्बल

## PART – 2
## General Knowledge / General Studies

21. The area of Bushmen is :
(a) Sahara Desert (b) Atacama Desert (c) Gobi Desert (d) Kalahari Desert

22. Which one of the following states has maximum forest area according to India State of Forest Report, 2021 ?
(a) Andhra Pradesh (b) Chhattisgarh (c) Jharkhand (d) Telangana

23. Meteor Expedition was related to which of the following ?
(a) Depth measurement in Pacific Ocean (b) Biological studies of the Atlantic Ocean
(c) Ice core studies in Cryospheric Region (d) None of these

24. Shivasamudram Waterfall is situated on which of the following rivers ?
(a) Chambal (b) Narmada (c) Kaveri (d) Krishna

25. Who of the following was the first speaker of Lok Sabha ?
(a) Ravi Rai (b) G.V. Mavlankar (c) Meira Kumar (d) P.A. Sangama

26. Which of the following articles of the Indian Constitution abolishes untouchability ?
(a) Article 14 (b) Article 16 (c) Article 17 (d) Article 42

27. Who was the Prime Minister of India, when the $74^{th}$ Constitutional Amendment Act related to urban local government was passed ?
(a) Rajiv Gandhi (b) P.V. Narasimha Rao (c) Chandra Shekhar (d) A.B. Vajpayee

28. How many Judges of the Supreme Court of India have been removed so far by the process of impeachment ?
(a) One (b) Two (c) Four (d) None

29. According to Economic Survey 2021-22, which country is the top most export destination of India ?
(a) China (b) Germany
(c) United States of America (USA) (d) United Arab Emirates (UAE)

30. Which of the following is not a part of tenancy reforms of the Govt. of India ?
(a) Regulation of Rent (b) Security of Tenure
(c) Consolidation of Land holding (d) Ownership rights to tenants

31. Which two banks have recently been merged with Punjab National Bank ?
(a) Canara Bank and Central Bank of India
(b) Oriental Bank of Commerce and United Bank of India
(c) Union Bank of India and Bank of Baroda
(d) Axis Bank and Kotak Mahindra Bank

32. Which of the following is not a problem of federal finance in India ?
(a) Gap between needs & resources of state governments
(b) The question of state autonomy
(c) Failure to tackle regional imbalance
(d) Increased importance of Finance Commission

33. Name the only foreign power that gave active help to the British in suppressing the Revolt of 1857.
(a) Bhutan (b) Sri Lanka (c) Nepal (d) Burma

34. Boston Tea Party was associated with :
(a) American Revolution (b) French Revolution
(c) Russian Revolution (d) Glorious Revolution

## भाग – 2

### सामान्य ज्ञान / सामान्य अध्ययन

**21.** बुशमेन का क्षेत्र है :
(a) सहारा मरुस्थल (b) अटाकामा मरुस्थल (c) गोबी मरुस्थल (d) कालाहारी मरुस्थल

**22.** भारत वन स्थिति सर्वेक्षण, 2021 के अनुसार निम्नलिखित राज्यों में से किस एक में सर्वाधिक वन क्षेत्र है ?
(a) आन्ध्र प्रदेश (b) छत्तीसगढ़ (c) झारखंड (d) तेलंगाना

**23.** मीट्योर अभियान निम्न में से किससे सम्बन्धित था ?
(a) प्रशान्त महासागर में गहराई का मापन से (b) अन्ध महासागर का जैविक अध्ययन से
(c) क्रायोस्फियर प्रदेश में आइस कोर अध्ययन से (d) इनमें से कोई नहीं

**24.** शिवासमुद्रम् जलप्रपात निम्न नदियों में से किस पर स्थित है ?
(a) चम्बल (b) नर्मदा (c) कावेरी (d) कृष्णा

**25.** निम्न में से कौन लोक सभा का प्रथम अध्यक्ष था ?
(a) रवि राय (b) जी.वी. मावलंकर (c) मीरा कुमार (d) पी.ए. संगमा

**26.** भारतीय संविधान के निम्न में से किस अनुच्छेद द्वारा अस्पृश्यता का उन्मूलन किया गया है ?
(a) अनुच्छेद 14 (b) अनुच्छेद 16 (c) अनुच्छेद 17 (d) अनुच्छेद 42

**27.** शहरी स्थानीय स्वशासन से संबंधित 74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम के पारित होने के समय भारत के प्रधानमंत्री कौन थे ?
(a) राजीव गांधी (b) पी.वी. नरसिम्हा राव (c) चन्द्रशेखर (d) ए.बी. वाजपेयी

**28.** अब तक सर्वोच्च न्यायालय के कितने न्यायाधीश महाभियोग की प्रक्रिया द्वारा पदच्युत किए गए हैं ?
(a) एक (b) दो (c) चार (d) कोई नहीं

**29.** आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार, कौन सा देश भारत का सर्वोच्च निर्यात गंतव्य है ?
(a) चीन (b) जर्मनी
(c) संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) (d) संयुक्त अरब अमीरात (UAE)

**30.** निम्न में से कौन सा भारत सरकार की काश्तकारी व्यवस्था में सुधार का अंग नहीं है ?
(a) लगान का नियमन (b) काश्त अधिकार की सुरक्षा
(c) भूमि की चकबन्दी (d) काश्तकारों को स्वामित्व अधिकार


**31.** किन दो बैंकों का हाल ही में पंजाब नेशनल बैंक में विलय किया गया है ?
(a) कैनरा बैंक एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
(b) ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स एवं यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया
(c) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं बैंक ऑफ बड़ौदा
(d) एक्सिस बैंक एवं कोटक महिन्द्रा बैंक

**32.** निम्नलिखित में से कौन सी भारत में संघीय वित्त की समस्या नहीं है ?
(a) राज्य सरकारों की आवश्यकताओं व साधनों में अन्तर
(b) राज्यों की स्वायत्तता का प्रश्न
(c) क्षेत्रीय असंतुलन के समाधान में असफलता
(d) वित्त आयोग का बढ़ता हुआ महत्त्व

**33.** उस एकमात्र विदेशी शक्ति का नाम बताएँ जिसने सन् 1857 के विद्रोह को दबाने हेतु अंग्रेजों को सक्रिय रूप से सहयोग दिया।
(a) भूटान (b) श्रीलंका (c) नेपाल (d) बर्मा

**34.** बोस्टन चाय पार्टी किससे संबंधित थी ?
(a) अमेरिकी क्रान्ति (b) फ्रांसीसी क्रान्ति (c) रूसी क्रान्ति (d) गौरवशाली क्रान्ति

**35.** Find the missing number in the following :




(a) 98 (b) 73 (c) 75 (d) 82

**36.** A car travels between two stations with an average speed of 60 km/hr and comes back with average speed of 90 km/hr. What is the average speed of the car in the whole journey ?

(a) 85 km/hr (b) 80 km/hr (c) 72 km/hr (d) 75 km/hr

**37.** From the information given below, decide who is the tallest among five friends A, B, C, D and E ?


(I) D is taller than A and C. (II) B is shorter than E but taller than D.

(a) A (b) B (c) D (d) E

**38.** When seen through a plane mirror, a clock shows time of 8:30. The correct time is :

(a) 2:30 (b) 3:30 (c) 5:30 (d) 8:30

**39.** Which diagram represents the best relationship among : Liquid, Pizza, Milk ?





(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**40.** In a group of cows and hens, the number of legs are 14 more than twice the number of heads. The number of cows is :

(a) 5 (b) 7 (c) 10 (d) 12

**41.** The number of triangles in the given figure :



is

(a) 38 (b) 34 (c) 32 (d) 28

**42.** A man is facing south. He turns 135° in the anticlockwise direction and then 180° in the clockwise direction. Which direction is he facing now ?

(a) North-East (b) North-West (c) South-East (d) South-West

**43.** The human eye forms the image of an object at its

(a) Cornea (b) Iris (c) Pupil (d) Retina

**44.** Which fraction will come next in the sequence : $\frac{1}{2}, \frac{3}{4}, \frac{5}{8}, \frac{7}{16}, ?$


(a) $\frac{9}{32}$ (b) $\frac{10}{17}$ (c) $\frac{11}{32}$ (d) $\frac{12}{35}$

**45.** If + means ×, × means –, ÷ means + and – means ÷, then what is the value of

175 – 25 ÷ 5 + 20 × 3 + 10 ?

(a) 77 (b) 160 (c) 240 (d) 2370

35. निम्नलिखित में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :




(a) 98 (b) 73 (c) 75 (d) 82

36. एक कार दो स्टेशनों के बीच 60 किमी /घण्टा की औसत चाल से जाती है और 90 किमी./घण्टा की औसत चाल से वापस आती है । पूरी यात्रा के दौरान कार की औसत चाल क्या है ?

(a) 85 किमी./घण्टा (b) 80 किमी./घण्टा (c) 72 किमी./घण्टा (d) 75 किमी./घण्टा

37. नीचे दी गई सूचना के आधार पर निर्णय कीजिए कि पाँच दोस्तों A, B, C, D तथा E में कौन सबसे लम्बा है?


(I) D, A और C से लम्बा है । (II) B, E से छोटा है लेकिन D से लम्बा है ।

(a) A (b) B (c) D (d) E

38. जब एक समतल दर्पण में देखा जाता है, तो एक घड़ी 8:30 का समय दिखाती है । सही समय है :

(a) 2:30 (b) 3:30 (c) 5:30 (d) 8:30

39. दिए गए आरेखों में से कौन सा आरेख तरल, पिज्जा, दूध के बीच के सम्बन्ध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है ?




1 2 3 4

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

40. गायों और मुर्गियों के एक समूह में, पैरों की संख्या सिरों की संख्या के दोगुने से 14 अधिक है । गायों की संख्या है :

(a) 5 (b) 7 (c) 10 (d) 12

41. दी हुई आकृति में त्रिभुजों की संख्या है :



(a) 38 (b) 34 (c) 32 (d) 28

42. एक व्यक्ति का मुख दक्षिण दिशा की ओर है । वह वामावर्त्त दिशा में 135° मुड़ता है और इसके पश्चात् 180° दक्षिणावर्त्त मुड़ता है । अब उसका मुख किस दिशा की ओर है ?

(a) उत्तर-पूर्व (b) उत्तर-पश्चिम (c) दक्षिण-पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम

43. मानव नेत्र किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब बनाते हैं

(a) कॉर्निया पर (b) परितारिका पर (c) पुतली पर (d) दृष्टिपटल पर

44. अनुक्रम : $\frac{1}{2}, \frac{3}{4}, \frac{5}{8}, \frac{7}{16}$, ? में अगली कौन सी भिन्न आयेगी ?

(a) $\frac{9}{32}$ (b) $\frac{10}{17}$ (c) $\frac{11}{32}$ (d) $\frac{12}{35}$

45. यदि + का अर्थ ×, × का अर्थ –, ÷ का अर्थ + तथा – का अर्थ ÷ है, तब
175 – 25 ÷ 5 + 20 × 3 + 10
का मान क्या है ?

(a) 77 (b) 160 (c) 240 (d) 2370

46. COVISHIELD, the COVID Vaccine of India is being manufactured by _____.
(a) Bharat Biotech (b) Panacea Biotech (c) Serum Institute (d) Zydus Cadila

47. Wheat grains are ______.
(a) seeds (b) fruits (c) modified fruits (d) entire seeds

48. Who was given the charge of Chairperson, Lokpal after the completion of the term of Justice P.C. Ghose ?
(a) Justice Pradip Kumar Mohanty (b) Justice Abhilasha Kumari
(c) Justice Ranjana Desai (d) Justice C.K. Prasad

49. Who among the following has been honoured with the first Lata Deena Nath Mangeshkar Award-2022 ?
(a) Prime Minister Narendra Modi
(b) Information and Broadcasting Minister Anurag Thakur
(c) Lok Sabha Speaker Om Birla
(d) Famous musician Pyarelal Ram Prasad Sharma

50. Which city hosted the 12th Def Expo 2022 ?
(a) Lucknow, Uttar Pradesh (b) Gurugram, Haryana
(c) Gandhinagar, Gujarat (d) Indore, Madhya Pradesh

51. Who of the following has won Women singles title in Syed Modi International Tournament organised in January, 2022 ?
(a) P.V. Sindhu (b) Jwala Gutta (c) Saina Nehwal (d) Ashwini Ponappa

52. Under which of the following operations Indian Government brought Indian Medical Students from Ukraine to India ?
(a) Operation Ganga (b) Operation Himalaya
(c) Operation Yamuna (d) Operation Godavari

53. Which of the following option is example of Operating System ?
(a) Windows (b) LINUX (c) Mac OS (d) All of the above

54. A terabyte comprises of :
(a) 1024 Gigabyte (b) 1024 Kilobyte (c) 1024 Megabyte (d) 1024 Byte

55. Unsolicited commercial messages sent through e-mail are known as :
(a) PGP (b) POP (c) MIME (d) Spams

56. In which year India's I.T. Act came into existence ?
(a) 1995 (b) 2000 (c) 2002 (d) 2003

57. Where was Mahavira born ?
(a) Pawapuri (b) Gaya (c) Lumbini (d) Vaishali

58. The name of entrance gate of Qutub Minar is :
(a) Qutub Darwaza (b) Buland Darwaza (c) Alai Darwaza (d) Siri Darwaza

59. Which of the following is renewable source of energy ?
(a) Coal (b) Petroleum (c) Natural gas (d) Sunlight

60. The launch date of Indian Satellite Kalamsat – V2 is –
(a) 12 January, 2018 (b) 24 January, 2019 (c) 22 May, 2019 (d) 22 July, 2019

46. कोविशील्ड, भारत की कोविड वैक्सीन का उत्पादन किसके द्वारा किया जा रहा है ?
(a) भारत बायोटेक द्वारा (b) पानेशिया बायोटेक द्वारा
(c) सीरम इन्स्टीट्यूट द्वारा (d) जायडस कैडीला द्वारा

47. गेहूँ के दाने होते हैं –
(a) बीज (b) फल (c) रूपान्तरित फल (d) सम्पूर्ण बीज

48. जस्टिस पी.सी. घोष का कार्यकाल पूरा होने के बाद लोकपाल के अध्यक्ष का प्रभार किसे दिया गया ?
(a) जस्टिस प्रदीप कुमार मोहंती (b) जस्टिस अभिलाषा कुमारी
(c) जस्टिस रंजना देसाई (d) जस्टिस सी.के. प्रसाद

49. निम्न में से किसे प्रथम लता दीनानाथ मंगेशकर अवार्ड-2022 से सम्मानित किया गया है ?
(a) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (b) सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर
(c) लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला (d) प्रख्यात संगीतकार प्यारेलाल रामप्रसाद शर्मा

50. किस शहर ने 12वें डेफ एक्सपो 2022 की मेजबानी की ?
(a) लखनऊ, उत्तर प्रदेश (b) गुरुग्राम, हरियाणा (c) गांधीनगर, गुजरात (d) इंदौर, मध्य प्रदेश

51. निम्न में से किसने जनवरी, 2022 में आयोजित सैयद मोदी अन्तर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता है ?
(a) पी.वी. सिन्धु (b) ज्वाला गुट्टा (c) साइना नेहवाल (d) अश्विनी पोनप्पा

52. निम्न में से किस ऑपरेशन के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा भारत के मेडिकल छात्रों को यूक्रेन से भारत लाया गया था ?
(a) ऑपरेशन गंगा (b) ऑपरेशन हिमालय (c) ऑपरेशन यमुना (d) ऑपरेशन गोदावरी

53. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प 'ऑपरेटिंग सिस्टम' का उदाहरण है ?
(a) विंडोज़ (b) लिनक्स (c) मैक OS (d) ऊपर के सभी

54. एक टेराबाइट में शामिल है :
(a) 1024 गीगाबाइट (b) 1024 किलोबाइट (c) 1024 मेगाबाइट (d) 1024 बाइट

55. ई–मेल के माध्यम से भेजे जाने वाले अवांछित वाणिज्यिक संदेशों को कहा जाता है :
(a) पी जी पी (b) पी ओ पी (c) एम आई एम ई (d) स्पैम

56. भारत का आई.टी. अधिनियम किस वर्ष अस्तित्व में आया ?
(a) 1995 (b) 2000 (c) 2002 (d) 2003

57. महावीर का जन्म कहाँ हुआ था ?
(a) पावापुरी (b) गया (c) लुम्बिनी (d) वैशाली

58. कुतुबमीनार के प्रवेश द्वार का नाम है –
(a) कुतुब दरवाज़ा (b) बुलंद दरवाज़ा (c) अलाई दरवाज़ा (d) सीरी दरवाज़ा

59. निम्नलिखित में से कौन ऊर्जा का नवीकरणीय स्रोत है ?
(a) कोयला (b) पेट्रोलियम (c) प्राकृतिक गैस (d) सूर्य का प्रकाश

60. भारतीय उपग्रह कलामसैट – वी 2 के प्रक्षेपण की तिथि है –
(a) 12 जनवरी, 2018 (b) 24 जनवरी, 2019
(c) 22 मई, 2019 (d) 22 जुलाई, 2019

## PART – 3
## State Related Various Knowledge

**61.** In what order of the Indian States was Uttarakhand created ?
(a) $24^{th}$ (b) $28^{th}$ (c) $22^{nd}$ (d) $27^{th}$

**62.** In which region of Uttarakhand will India's first ever Commercial Space Situational Awareness Observatory be set-up ?
(a) Kumaon (b) Garhwal (c) Both (a) and (b) (d) None of the above

**63.** Which district of Uttarakhand was declared as the best aspirational district in India in August, 2022 by NITI Aayog ?
(a) Haridwar (b) Dehradun (c) Nainital (d) Uttarkashi

**64.** India's first Chief of Defence Service (CDS) Gen. Bipin Rawat belonged to which of the following districts ?
(a) Pauri (b) Tehri (c) Almora (d) None of the above

**65.** Who among the following was conferred with Sangeet Natak Akademi Award on April 9, 2022 for his contribution to folk music ?
(a) Narendra Singh Negi (b) Meena Rana
(c) B.K. Samant (d) Rekha Dhasmana Uniyal

**66.** At which rank is Uttarakhand placed in India's Food Security Index 2021-22 ?
(a) $5^{th}$ (b) $11^{th}$ (c) $19^{th}$ (d) $7^{th}$

**67.** Where is I.T. Park established in Uttarakhand ?
(a) Haridwar (b) Pauri (c) Dehradun (d) Nainital

**68.** In Uttarakhand, which of the following districts has maximum number of registered families under handicraft industry till $31^{st}$ March, 2021 ?
(a) Haridwar (b) Almora
(c) Udhamsingh Nagar (d) Pithoragarh

**69.** According to the census of India 2011, which district of Uttarakhand has the lowest sex-ratio ?
(a) Almora (b) Dehradun (c) Bageshwar (d) Haridwar

**70.** Where is the head office of Uttarakhand Renewable Energy Development Agency (UREDA) situated ?
(a) Haridwar (b) Uttarkashi (c) Dehradun (d) Pithoragarh

**71.** In 2019-20, which sector made the highest contribution to the Gross Domestic Product of the state of Uttarakhand ?
(a) Primary Sector (b) Secondary Sector (c) Tertiary Sector (d) Construction Sector

**72.** Who among the following is known as the "Gandhi of Uttarakhand" ?
(a) Sundarlal Bahuguna (b) Anusuya Prasad Bahuguna
(c) K.C. Pant (d) Indramani Badoni

**73.** In terms of area, which one is the largest district in Uttarakhand ?
(a) Dehradun (b) Udhamsingh Nagar
(c) Chamoli (d) Haridwar

## भाग – 3
## राज्य से संबंधित विविध ज्ञान

61. उत्तराखण्ड का निर्माण भारतीय राज्यों के किस क्रम में हुआ ?
(a) 24वें (b) 28वें (c) 22वें (d) 27वें

62. उत्तराखण्ड के किस क्षेत्र में पहली व्यावसायिक अंतरिक्ष स्थितिजन्य जागरूकता वेधशाला स्थापित की जाएगी ?
(a) कुमाऊँ (b) गढ़वाल
(c) (a) और (b) दोनों (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

63. नीति आयोग द्वारा अगस्त, 2022 में उत्तराखण्ड के किस जिले को भारत का सर्वश्रेष्ठ आकांक्षी जिला घोषित किया गया ?
(a) हरिद्वार (b) देहरादून (c) नैनीताल (d) उत्तरकाशी

64. भारत के प्रथम रक्षा सेवा प्रमुख जनरल बिपिन रावत निम्न में से किस जिले से थे ?
(a) पौड़ी (b) टिहरी
(c) अल्मोड़ा (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

65. लोक संगीत में अपने योगदान के लिए निम्नलिखित में से किसे 9 अप्रैल, 2022 को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?
(a) नरेन्द्र सिंह नेगी (b) मीना राणा
(c) बी.के. सामंत (d) रेखा धस्माना उनियाल

66. भारत के खाद्य सुरक्षा सूचकांक 2021-22 में उत्तराखंड किस स्थान पर है ?
(a) पाँचवें (b) ग्यारहवें (c) उन्नीसवें (d) सातवें

67. उत्तराखण्ड में आई.टी. पार्क कहाँ स्थापित है ?
(a) हरिद्वार (b) पौड़ी (c) देहरादून (d) नैनीताल

68. उत्तराखण्ड के किस जिले में हस्तकरघा उद्योग के अन्तर्गत पंजीकृत परिवारों की 31 मार्च, 2021 तक सर्वाधिक संख्या है ?
(a) हरिद्वार (b) अल्मोड़ा (c) ऊधमसिंह नगर (d) पिथौरागढ़

69. भारत की जनगणना-2011 के अनुसार उत्तराखण्ड के किस जिले में लिंग-अनुपात सबसे कम है ?
(a) अल्मोड़ा (b) देहरादून (c) बागेश्वर (d) हरिद्वार

70. उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास एजेन्सी (उरेडा) का प्रधान कार्यालय कहाँ स्थित है ?
(a) हरिद्वार (b) उत्तरकाशी (c) देहरादून (d) पिथौरागढ़

71. 2019-20 में किस क्षेत्र ने उत्तराखण्ड राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में सबसे अधिक योगदान दिया ?
(a) प्राथमिक क्षेत्र (b) द्वितीयक क्षेत्र (c) तृतीयक क्षेत्र (d) निर्माण क्षेत्र

72. निम्न में से किसे "उत्तराखण्ड का गांधी" नाम से जाना जाता है ?
(a) सुंदरलाल बहुगुणा (b) अनुसूयाप्रसाद बहुगुणा
(c) के.सी. पंत (d) इन्द्रमणि बडोनी

73. क्षेत्रफल के हिसाब से उत्तराखण्ड का सबसे बड़ा जिला कौन सा है ?
(a) देहरादून (b) ऊधमसिंह नगर (c) चमोली (d) हरिद्वार

74. The place famous as 'Bardoli of Garhwal' is :
(a) Dugadda (b) Guzadu (c) Dhorin (d) Sitonsiyun

75. 'Dola Palki' movement was associated with :
(a) Peasant Unrest
(b) Protest against British rule
(c) Shilpakars
(d) Revolutionary Movement

76. Who was the Commissioner of Kumaon at the outbreak of the revolt of 1857 ?
(a) J.N. Baitan (b) Sir Henry Ramsay (c) Sir Lashingatan (d) Sir Fisher

77. Mathura Prasad Naithani and few other Garhwalis founded 'Garhwal Bhratri Mandal' at which of the following place in 1907 ?
(a) Dehradun (b) Meerut (c) Delhi (d) Lucknow

78. To whom goes the credit to open first Press in Almora and publish a newspaper ?
(a) Hariballabh Pant
(b) Govindballabh Pant
(c) Buddhiballabh Pant
(d) Badri Dutt Pandey

79. Who became famous as 'Kurmanchal Kesari' ?
(a) Govindballabh Pant
(b) Anusuya Prasad Bahuguna
(c) Mukundilal
(d) Badri Dutt Pandey

80. In which year Pandit Jawaharlal Nehru had come to Dugadda on the invitation of Garhwal Congress Committee ?
(a) 1930 (b) 1932 (c) 1936 (d) 1939

81. Who among the following, was not one of those who unfurled the tricolour flag on Almora Municipality building during Civil Disobedience Movement ?
(a) Mangla Devi (b) Homvati Devi (c) Revti Devi (d) Jeevanti Devi

82. The Ganga is formed as a result of the confluence of which rivers ?
(a) Bhagirathi and Alakananda at Dev Prayag
(b) Bhagirathi and Alakananda at Karna Prayag
(c) Bhagirathi and Alakananda at Gangotri
(d) Bhagirathi and Alakananda at Rudra Prayag

83. On the bank of which of the following rivers is Sri Badrinath situated ?
(a) Ganga (b) Bhagirathi (c) Alakananda (d) Gandak

84. Bageshwar situated on the bank of :
(a) Ganga
(b) Yamuna
(c) Kali
(d) Confluence of Sarayu – Gomti

85. Who among the following, wrote the book 'Garhwal Ki Diwangat Vibhutiyan' ?
(a) Badri Datt Pandey
(b) Ganga Datt Upreti
(c) Bhakt Darshan
(d) Chandra Singh Garhwali

86. At which place in 1921, the meeting of workers of Garhwal Congress Committee was presided over by Purushottam Das Tondon ?
(a) Dugadda (b) Srinagar (c) Jaiharikhal (d) Lansdowne

74. 'गढ़वाल का बारदोली' के रूप में विख्यात स्थल है :
(a) दुगड्डा (b) गुजडू (c) ढोरीं (d) सितोनस्यूँ

75. 'डोला-पालकी' आन्दोलन सम्बन्धित था :
(a) कृषक अशान्ति से
(b) ब्रिटिश शासन के विरोध से
(c) शिल्पकारों से
(d) क्रांतिकारी आंदोलन से

76. 1857 के विद्रोह के प्रस्फुटन के समय कुमाऊँ के कमिश्नर कौन थे ?
(a) जे.एन. बेटन (b) सर हेनरी रैम्ज़े (c) सर लशिंगटन (d) सर फिशर

77. मथुरा प्रसाद नैथानी एवं कुछ अन्य गढ़वालियों ने निम्नलिखित में से किस स्थान पर 1907 में 'गढ़वाल भ्रातृ मंडल' की स्थापना की ?
(a) देहरादून (b) मेरठ (c) दिल्ली (d) लखनऊ

78. अल्मोड़ा में सबसे पहले प्रेस खोलने और समाचार-पत्र प्रकाशित करने का श्रेय किसे जाता है ?
(a) हरिबल्लभ पंत (b) गोविन्दबल्लभ पंत (c) बुद्धिबल्लभ पंत (d) बद्रीदत्त पाण्डे

79. कौन 'कूर्मांचल केसरी' के नाम से प्रसिद्ध हुआ ?
(a) गोविन्दबल्लभ पंत
(b) अनुसूयाप्रसाद बहुगुणा
(c) मुकुन्दीलाल
(d) बद्रीदत्त पाण्डे

80. गढ़वाल काँग्रेस कमिटि के निमंत्रण पर पंडित जवाहरलाल नेहरू किस वर्ष दुगड्डा आये थे ?
(a) 1930 (b) 1932 (c) 1936 (d) 1939

81. सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान अल्मोड़ा नगरपालिका भवन पर तिरंगा झंडा फहराने वालों में निम्नलिखित में से कौन नहीं थीं ?
(a) मंगला देवी (b) होमवती देवी (c) रेवती देवी (d) जीवंती देवी

82. गंगा का निर्माण किन नदियों के संगम का परिणाम है ?
(a) भागीरथी एवं अलकनन्दा देव-प्रयाग में
(b) भागीरथी एवं अलकनन्दा कर्ण-प्रयाग में
(c) भागीरथी एवं अलकनन्दा गंगोत्री में
(d) भागीरथी एवं अलकनन्दा रुद्र-प्रयाग में

83. श्री बद्रीनाथ निम्न में से किस नदी के किनारे स्थित है ?
(a) गंगा (b) भागीरथी (c) अलकनन्दा (d) गंडक

84. बागेश्वर इसके तट पर स्थित है :
(a) गंगा
(b) यमुना
(c) काली
(d) सरयू-गोमती के संगम पर

85. निम्नलिखित में से किसने 'गढ़वाल की दिवंगत विभूतियाँ' पुस्तक की रचना की ?
(a) बद्रीदत्त पाण्डे (b) गंगादत्त उप्रेती (c) भक्त दर्शन (d) चन्द्र सिंह गढ़वाली

86. 1921 में किस स्थान पर गढ़वाल काँग्रेस कमिटि के कार्यकर्ताओं की बैठक की अध्यक्षता पुरुषोत्तम दास टण्डन ने की थी ?
(a) दुगड्डा (b) श्रीनगर (c) जयहरीखाल (d) लैन्सडाउन

87. In which of the following districts is the Nanda Devi Peak situated ?
(a) Chamoli (b) Pauri Garhwal (c) Tehri Garhwal (d) Almora

88. Soil erosion in mountainous regions can be checked by ________.
(a) Intensive agriculture (b) Animal grazing
(c) Up and down cultivation (d) Terrace cultivation

89. Which of the following pairs is correctly matched ?
(a) Dodital – Tehri Garhwal (b) Deoriatal – Rudra Prayag
(c) Harish tal – Champawat (d) Benital – Pauri Garhwal

90. Which of the following passes is not related to the Gori Catchment ?
(a) Untadhura (b) Belchadhura (c) Muling La (d) Ralam Pass

91. Which of the following Glaciers and Districts pair is not matched correctly ?

| | **Glacier** | | **District** |
|---|---|---|---|
| (a) | Kafani | – | Bageshwar |
| (b) | Ralam | – | Pithoragarh |
| (c) | Khatling | – | Uttarkashi |
| (d) | Alkapuri | – | Chamoli |

92. How many seats are reserved for Scheduled Tribes in Uttarakhand Legislative Assembly ?
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

93. By which of the following Chief Ministers, the reservation of women in Panchayats in Uttarakhand was raised from 33% to 50% ?
(a) Vijay Bahuguna (b) Bhuwan Chandra Khanduri
(c) Harish Rawat (d) Nityanand Swami

94. Who among the following was the first nominated member in Uttarakhand Legislative Assembly ?
(a) Sri Russel Velentine Gardener (b) Mrs. Keran Hilton Mayor
(c) Sri Gagan Singh Rajwar (d) Hazi Tasleem Ahmad

95. Who among the following was the first Chief Minister of Uttarakhand ?
(a) Surjeet Singh Barnala (b) Nityanand Swami
(c) Narayan Dutt Tiwari (d) Govindballabh Pant

96. Who was the first speaker of Uttarakhand Legislative Assembly ?
(a) Ajay Bhatt (b) Bansidhar Bhagat
(c) Prakash Pant (d) Govind Singh Kunjwal

97. How many members are there in Rajya Sabha from Uttarakhand ?
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

98. In which of the following years was the Zamindari Abolition and Land Reforms Act implemented in Uttarakhand ?
(a) 2016 (b) 2017 (c) 2020 (d) 2021

99. What is the Altitude of Nanda Devi Peak in Uttarakhand ?
(a) 7,816 meter (b) 7,756 meter (c) 7,355 meter (d) 7,120 meter

100. What are the eastern and western limits of the Indian Himalaya ?
(a) Nanda Devi and Annapurna (b) Nanga Parbat and Namcha Barwa
(c) Makalu and Trishul (d) Kedarnath and Shillong

**87.** निम्नांकित जनपदों में से नन्दा देवी शिखर किसमें स्थित है ?
(a) चमोली (b) पौड़ी गढ़वाल (c) टिहरी गढ़वाल (d) अल्मोड़ा

**88.** पर्वतीय क्षेत्रों में मिट्टी कटाव को रोका जा सकता है :
(a) गहन कृषि द्वारा (b) पशुचारण द्वारा
(c) ऊपर–नीचे खेती करके (d) सीढ़ीनुमा खेती करके

**89.** निम्नांकित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित है ?
(a) डोडीताल – टिहरी गढ़वाल (b) देवरियाताल – रुद्र प्रयाग
(c) हरीश ताल – चम्पावत (d) बेनीताल – पौड़ी गढ़वाल

**90.** निम्नांकित में से कौन सा दर्रा गोरी जलागम से सम्बन्धित नहीं है ?
(a) उण्टाधुरा (b) बेल्चाधुरा (c) मुलिंग ला (d) रालम पास/दर्रा

**91.** निम्नलिखित हिमनद एवं जनपद में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | हिमनद | | जनपद |
|---|---|---|---|
| (a) | कफनी | – | बागेश्वर |
| (b) | रालम | – | पिथौरागढ़ |
| (c) | खतलिंग | – | उत्तरकाशी |
| (d) | अल्कापुरी | – | चमोली |

**92.** उत्तराखण्ड विधानसभा में अनुसूचित जनजाति के लिए कितनी सीटें आरक्षित हैं ?
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**93.** निम्न में से किस मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड में पंचायतों में महिलाओं का आरक्षण 33% से बढ़ाकर 50% किया गया था ?
(a) विजय बहुगुणा (b) भुवन चन्द्र खंडूरी (c) हरीश रावत (d) नित्यानन्द स्वामी

**94.** उत्तराखण्ड विधानसभा के प्रथम मनोनीत सदस्य निम्न में से कौन थे ?
(a) श्री रसैल वेलेन्टाइन गार्डनर (b) सुश्री केरन हिल्टन मेयर
(c) श्री गगन सिंह रजवार (d) हाजी तसलीम अहमद

**95.** निम्न में से कौन उत्तराखण्ड के पहले मुख्यमंत्री थे ?
(a) सुरजीत सिंह बरनाला (b) नित्यानन्द स्वामी
(c) नारायण दत्त तिवारी (d) गोविन्दबल्लभ पंत

**96.** उत्तराखण्ड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?
(a) अजय भट्ट (b) बंशीधर भगत (c) प्रकाश पंत (d) गोविंद सिंह कुंजवाल

**97.** उत्तराखण्ड से राज्य सभा में सदस्यों की संख्या कितनी है ?
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

**98.** ज़मींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार अधिनियम उत्तराखण्ड में निम्न में से किस वर्ष लागू किया गया ?
(a) 2016 (b) 2017 (c) 2020 (d) 2021

**99.** उत्तराखण्ड में नन्दादेवी शिखर की ऊँचाई क्या है ?
(a) 7,816 मीटर (b) 7,756 मीटर (c) 7,355 मीटर (d) 7,120 मीटर

**100.** भारतीय हिमालय की पूर्वी व पश्चिमी सीमाएँ क्या हैं ?
(a) नन्दा देवी व अन्नपूर्णा (b) नंगा पर्वत व नामचा बारवा
(c) मकालू व त्रिशूल (d) केदारनाथ व शिलाँग